**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

## PUNJAB KESARI

# यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेगा जेसी बोस विश्वविद्यालय

### ■ विश्वविद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन का अनुभवः कुलपति प्रो. दिनेश कुमार




फरीदाबाद, 24 सितम्बर (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने वैश्विक परिवेश में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए विद्यार्थियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास, अमेरिका के साथ अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए समझौता किया है, जिसमें रणनीतिक साझेदारी, अनुसंधान सहयोग, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक्सेंज प्रोग्राम के अलावा ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल हैं।जे.सी. बोस विश्वविद्यलय जल्द ही यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अमेरिका के टेक्सास स्थिति कैंपस में अध्ययन करने की संभावनाओं पर काम करेगा। इस समझौता पर यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास की प्रोवोस्ट तथा अकादमिक मामलों की वाइस प्रेजीडेंट डॉ. जेनिफर इवांस-काउली ने हस्ताक्षर किए गए हैं और दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।इस अकादमिक समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास अमेरिका में सरकारी क्षेत्र के सबसे बड़ा अनुसंधान विश्वविद्यालयों में से एक है। यह साझेदारी हमारे शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने का इच्छुक है।

**दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हुआ समझौता**

कुलपति ने समझौते को सफल बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी और उनकी टीम के निरंतर प्रयासों की सराहना की। यह साझेदारी इसी वर्ष जनवरी में जेसी बोस विश्वविद्यालय द्वारा फ्यूजन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएसएफटी 2020) पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के अधिकारियों के बीच हुए विचार-विमर्श का परिणाम है। कुलपति ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. नवीन कुमार के योगदान की भी सराहना की।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri,25 September 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस विवि में एनएसएस दिवस मनाया



**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एनएसएस दिवस मनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही, विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने इस उपलक्ष्य में 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के तहत तीन दिवसीय ई-शिविर की शुरूआत की। एनएसएस की शुरूआत औपचारिक रूप से 24 सितंबर, 1969 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष पर की गई थी। तब से 24 सितंबर का दिन हर साल एनएसएस दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत तथा विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप डिमरी द्वारा स्वागतीय भाषण से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। डॉ. डिमरी ने सभी स्वयंसेवकों को कर्मयोगी बताते हुए एनएसएस स्वयंसेवकों से श्रीमद गीता से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और समाज सेवा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को पुणे से एनएसएस वालंटियर्स दीपेश विजयसिंह दिनेगर, रोहतक से पूजा सांवरिया, अरुणाचल प्रदेश से आजाद तापक और झारखंड से अमन हेमब्रोम ने भी संबोधित किया। विभिन्न राज्यों के एनएसएस स्वयंसेवकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आयोजित किया गया था। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. लखविंदर सिंह भी मौजूद थे। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. बिन्दु मंगला, डॉ. उमेश और नितिन पंवार द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

**THE PIONEER**

# नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम होगा शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने वैश्विक परिवेश में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए विद्यार्थियों की बढ़ाती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास, अमेरिका के साथ अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए समझौता किया है। जिसमें रणनीतिक साझेदारी, अनुसंधान सहयोग, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक्चेंज प्रोग्राम के अलावा ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल हैं। जेसी बोस विश्वविद्यलय जल्द ही यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अमेरिका के टेक्सास स्थिति कैंपस में अध्ययन करने की संभावनाओं पर काम करेगा।

इस समझौता पर यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास की प्रोवोस्ट तथा अकादमिक मामलों की वाइस

## दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हुआ समझौता

प्रेजीडेंट डॉ. जेनिफर इवांस-काउली ने हस्ताक्षर किए गए हैं और दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की है। जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस अकादमिक समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास अमेरिका में सरकारी क्षेत्र के सबसे बड़ा अनुसंधान विश्वविद्यालयों में से एक है। यह साझेदारी हमारे शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। शुरूआती चरण में विश्वविद्यालय क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने का इच्छुक है। कुलपति ने समझौते को सफल बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी और उनकी टीम के निरंतर प्रयासों की सराहना की। यह साझेदारी इसी वर्ष जनवरी में जेसी बोस विश्वविद्यालय द्वारा फ्यूजन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (आईएसएफटी 2020) पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के अधिकारियों के बीच हुए विचार-विमर्श का परिणाम है। कुलपति ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने में कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग और दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. नवीन कुमार के योगदान की भी सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

**HINDUSTAN**

# अमेरिकी विश्वविद्यालय से समझौता

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद ने आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए छात्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास, अमेरिका के साथ समझौता किया है।

इसके तहत रणनीतिक साझेदारी, अनुसंधान सहयोग, शिक्षकों एवं छात्रों के लिए एजुकेशन एक्चेंज प्रोग्राम के अलावा ड्यूल डिग्री पाठक्रम शुरू किए जाएंगे। समझौते पर यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास की प्रोवोस्ट तथा अकादमिक मामलों की वाइस प्रेजीडेंट डॉ. जेनिफर इवांस-काउली ने हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग बढ़ाने का वादा किया।

## प्रयास

- वाईएमसीए के छात्रों के लिए शोध और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे
- दोनों विश्वविद्यालयों के छात्र एक दूसरे के यहां पर जाएंगे

विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुलपति ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास अमेरिका में सरकारी क्षेत्र का सबसे बड़ा अनुसंधान विश्वविद्यालयों में से एक है। यह साझेदारी हमारे शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी।

शुरु आती चरण में विश्वविद्यालय क्लाउड कंप्यूटिंग, आईओटी, बिग डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन, साइबर सुरक्षा, मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने का इच्छुक है। कुलपति ने समझौते को सफल बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मामलों की निदेशक डॉ. शिल्पा सेठी और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की।

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

**HUNDUSTAN**

**वाईएमसीए में कार्यक्रमः** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में एनएसएस दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली संग मिलकर कार्यक्रम किया। विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई ने 'एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के तहत तीन दिवसीय ई-शिविर की शुरुआत की।

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

## AMAR UJALA

# नॉर्थ टेक्सास के साथ डुअल डिग्री कोर्स शुरू करेगा जेसी बोस विवि

अमर उजाला ब्यूरो

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए ने वैश्विक परिवेश में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास, अमेरिका के साथ समझौता किया है। इसमें रणनीतिक साझेदारी, अनुसंधान सहयोग, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम के अलावा डुअल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल हैं।

इस समझौते पर यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास की प्रोवोस्ट व अकादमिक मामलों की उपाध्यक्ष डॉ. जेनिफर इवांस काउली और जेसी बोस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास सरकारी क्षेत्र के सबसे बड़े अनुसंधान विश्वविद्यालयों में से एक है। यह साझेदारी हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी।



जेसी बोस विवि में ऑनलाइन कार्यक्रम को संबोधित करते वीसी।

**दोनों के बीच अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हुआ समझौता**

## विवि में मनाया एनएसएस दिवस

जेसी बोस विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को एनएसएस दिवस मनाया। इस अवसर पर नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं एनएसएस इकाई ने तीन दिवसीय ई-शिविर की शुरुआत की।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in


GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

## NAVBHARAT TIMES

### जेसी बोस में शुरू हो सकता है डुअल डिग्री कोर्स

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी व शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए छात्रों की बढ़ती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास अमेरिका के साथ अकैडमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए समझौता किया है। जेसी बोस यूनिवर्सिटी जल्द ही यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री कोर्स शुरू करने और यूनिवर्सिटी के छात्रों को अमेरिका के टेक्सास स्थिति कैंपस में अध्ययन करने की संभावनाओं पर काम करेगा।

## NAVBHARAT TIMES

### एनएसएस दिवस मनाया

एनबीटी न्यूज, फरीदाबादः जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने बुधवार को एनएसएस दिवस मनाया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। साथ ही यूनिवर्सिटी की एनएसएस इकाई ने इस उपलक्ष्य में एक भारत-श्रेष्ठ भारत के तहत 3 दिवसीय ई-शिविर की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत व यूनिवर्सिटी के एनएसएस समन्वयक डॉ. प्रदीप डिमरी के स्वागत भाषण से हुई।

**NEWS CLIPPING: 25.09.2020**

**DAINIK BHASKAR**

# यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करेगा जेसी बोस विवि

फरीदाबाद| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी एवं शोध के क्षेत्र में रोजगार के लिए विद्यार्थियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास अमेरिका के साथ अकादमिक क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए समझौता किया है! इसमें रणनीतिक साझेदारी, अनुसंधान सहयोग, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक्चेंज प्रोग्राम के अलावा ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल हैं। जेसी बोस विश्वविद्यालय जल्द ही यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ टेक्सास के साथ ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने तथा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अमेरिका के टेक्सास स्थिति कैंपस में अध्ययन करने की संभावनाओं पर काम करेगा।